# ॥ दरबार में सच्चे सदगुरु के ॥

दरबार में सच्चे सदगुरु के । दुःख दर्द मिटाये जाते है ॥
दुनिया के सताये लोग यहाँ । सीने से लगाये जाते हैं ॥

ये महफ़िल है मस्तानो की । हर शख्श यहाँ मतवाला हैं ॥
भर भर  के जाम इबादत के । यहाँ सब को पिलाये जाते हैं ॥
दरबार में सच्चे ...

ऐ जग वालों क्यो डरते हो । इस दर पर शीश झुकाने से ॥
ऐ नादानो ये वह दर है । सर भेंट चडाये जाते है ॥
दरबार में सच्चे ...

इलजाम लगाने वालों ने । इलजाम लगाए लाख मगर ॥
तेरी सौग़ात समझ करके । हम सिर पे उठाए जाते हैं॥
दरबार में सच्चे ...

जिन प्यारों पर ऐ जगवालों । हो खास इनायत सतगुरु की॥
उनको ही संदेशा आता है । और वो ही बुलाये जाते हैं ॥
दरबार में सच्चे ...

दुनिया के सताये लोग यहाँ । सीने से लगाये जाते हैं ॥
दरबार में सच्चे सदगुरु के । दुःख दर्द मिटाये जाते है ॥

Send corrections to hariomgroup@gmail.com